समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# आकाश मिसाइल से पाकिस्तान को करारा जवाब, BEL के शेयरों मे बंपर तेजी ; तिमाही मुनाफा भी रिकॉर्ड पर।

Publisher Published on 20 May 2025



## आकाश मिसाइल से पाकिस्तान को सख्त जवाब, BEL को हुआ तगड़ा फायदा।

भारत की स्वदेशी **आकाश मिसाइल प्रणाली** ने एक बार फिर अपनी ताकत साबित की है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुई आतंकी घटना के बाद भारतीय वायुसेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का अहम योगदान रहा। इस प्रणाली ने पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

इस घटनाक्रम का सीधा असर **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** के प्रदर्शन पर भी पड़ा। कंपनी के शेयर बाजार में रॉकेट जैसी तेजी ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है।

**BEL को मिला तगड़ा मुनाफा, शेयरों मे उंछाल**
**BEL ने वित्त वर्ष 2024-25** की चौथी तिमाही में **2,127 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज** किया, जो सालाना आधार पर **18.4% की वृद्धि** है। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी का मुनाफा **1,797 करोड़** रुपये था।

**१. ऑपरेशन रिवेन्यू : ₹9,149.6 करोड़ (6.8% वृद्धि)**
**२. कुल आय : ₹9,344.23 करोड़ (पिछले साल : ₹8,789.97 करोड़)**

**भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर बनती है आकाश मिसाइल**
**आकाश मिसाइल** और इससे जुड़ी हथियार प्रणाली को भारत की दो प्रमुख सरकारी कंपनियां –
**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** और **भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL)** मिलकर तैयार करती हैं। यह पूरी तरह से

**Make in India** पहल के तहत बना डिफेंस सिस्टम है।

### शेयरधारकों को मिलेगा डिविडेडं

**BEL ने 2024-25** के लिए प्रति शेयर **90% लाभांश (डिविडेडं)** देने का एलान किया है। यह घोषणा **19 मई 2025** को हुई बोर्ड मीटिंग में की गई। डिविडेंड पर अंतिम निर्णय कंपनी की अगली वार्षिक आम बैठक (AGM) में लिया जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.